प्रेषक,

महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई-मेल

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाऐं।

संख्या : प्राशिप/अनु03/स्कूटनी/2024/781

लखनऊ : दिनांकः 07/05/2024

विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं की स्कूटनी/संवीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 के परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत कतिपय छात्र/छात्राओं द्वारा प्राप्तॉकों से असंतुष्ट होने के दृष्टिगत अपने लिखित विषयों की स्कूटनी/संवीक्षा हेतु आनलाइन माध्यम से दिनांक 28.03.2024 से 02.04.2024 के मध्य आवेदन किये गये थे।

अवगत कराना है कि स्कूटनी/संवीक्षा हेतु प्राप्त समस्त आवेदनों के कम में संबंधित विषय की उत्तरपुस्तिकाओं की स्कूटनी/संवीक्षा का कार्य पूर्ण कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसे परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक **RESULT** पर अपलोड कर दिया गया है। छात्र/छात्राएं उक्त परीक्षा परिणाम अपने **Enrollment N0.** एवं जन्म तिथि की सहायता से देख सकते हैं। अतः निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें, तथा उक्त सूचना नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यॉकन हेतु डिजीटल मूल्यांकन की प्रकिया वर्तमान में प्रचलित है। शीघ्र ही पुनर्मूल्यॉकन का परीक्षा परिणाम परिषद वेबसाइट के माध्यम से घोषित कर दिया जायेगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु03/स्कूटनी/2024/782-85

तद्दिनांकः- 07/05/2024

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, अध्यक्ष/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद/प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन को प्रमुख सचिव महोदय के सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र दौराला मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त संस्थाओं को उपरोक्तानुसार निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव